## सार-समाचार

### शिविर में हो रहे आमजन के लंबित कार्य

**छबड़ा** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर के तहत नगर पालिका में आयोजित शिविर में आ रहे लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान के प्रयास लगातार किये जा रहे है। अधिशासी अधिकारी संदीप गहलोत ने बताया कि पालिका मे पूर्व मे जारी पट्टो के समर्पण के पश्चात् पुनः पट्टा 4, भवन मानचित्र 1, निर्माण अवधि विस्तार के प्रकरण में जारी स्वीकृतियां, छूट 1, स्टेट ग्राण्ट एक्ट 1 आवेदन प्राप्त हुआ, 1-कृषि भूमि, 2 पूर्व मे जारी पट्टों के समर्पण के पश्चात् पुनः पट्टा, 3-भवन मानचित्र, 2-निर्माण अवधि विस्तार के प्रकरण में जारी स्वीकृतियां, छूट, 5-जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र एवं 16 सफाई की समस्याओ व 03 नवीन एलईडी लाईट, 7 लाईट की समस्याओ का निस्तारण मोके पर ही किया गया। शिविर के दौरान आमजन ने 575 अलग-अलग प्रकार की चिकित्सीय जाँच का लाभ लिया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से सम्बन्धित 15 समस्याए प्राप्त हुई है, सभी 15 समस्याओ का त्वरित समाधान किया गया, ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित सभी 11 समस्याओ का त्वरित समाधान किया गया।

### आरपीएफ जवान ने यात्री की जान बचाई

**छबड़ा** (निसं)। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवान रामावतार सिंह ने अद्भुत साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक यात्री की जान बचाई। रात लगभग 10:15 बजे ट्रेन संख्या 61634 के दौरान एक यात्री चलती ट्रेन से गिरने की स्थिति में आ गया, तभी आरपीएफ जवान रामावतार सिंह ने तत्काल सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित बचा लिया। इस बचाव कार्य में डॉ. जीशान अहमद ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। दोनों की त्वरित कार्रवाई और मानवता से परिपूर्ण प्रयासों ने एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। रामावतार सिंह की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और जनसेवा के प्रति समर्पण पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रेरणादायक उदाहरण है। क्षेत्रवासियों ने इस सराहनीय कार्य के लिए आरपीएफ जवान रामावतार सिंह एवं डॉ. जीशान अहमद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आसमान से फिर बरसी राहत की बारिश

**छबड़ा** (निसं)। शहर सहित ग्रामीण अंचल में शुक्रवार शाम को उमस भरी गर्मी के बीच राहत की बारिश हुई। शाम करीब चार बजे आसमान में घने काले बादल छा गए, जिसके बाद जोरदार बारिश का दौर शुरू हुआ। इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली और किसानों के चेहरे भी खिल उठे। खेतों में लगी फसलों के लिए यह बारिश संजीवनी बनी है। बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलने पर लोगों ने बदले हुए मौसम का अनुभव किया, जहां ठंडी हवाएं चल रही थीं और बादल छाए हुए थे। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित हुई है। बारिश के बाद किसानों ने खरीफ फसल की तैयारियों के लिए खेतों का रुख किया। किसानों ने बताया कि समय पर हुई यह बारिश जमीन में नमी बढ़ाने और खेती की तैयारियों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण ही क्षेत्र में यह मौसमी बदलाव देखा गया है। आगामी दिनों में भी बादलों की आवाजाही बनी रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब गोल्डन गोल डिपॉजिट योजना लॉन्च की

**कोटा,** (निसं)। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 555 दिनों की विशेष अवधि वाली नई रिटेल सावधि जमा योजना बॉब गोल्डन गोल डिपॉजिट योजना शुरू की है। योजना के तहत सामान्य नागरिकों को 6.75 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 7.25 प्रतिशत तथा अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष एवं अधिक) को 7.35 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर मिलेगी। गैर-प्रतिदेय जमा पर अधिकतम 7.40 प्रतिशत तक ब्याज दिया जाएगा। यह योजना 3 करोड़ से कम राशि की रिटेल सावधि जमाओं पर लागू होगी। बैंक की कार्यपालक निदेशक बीना वाहिद ने कहा कि वर्तमान ब्याज दर परिदृश्य में यह योजना ग्राहकों को आकर्षक और सुनिश्चित प्रतिफल का अवसर प्रदान करेगी। ग्राहक बैंक की शाखाओं, मोबाइल बैंकिंग ऐप बॉब वर्ल्ड, इंटरनेट बैंकिंग तथा बैंक की वेबसाइट के माध्यम से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लंबित आवेदनों के लिए अंतिम अवसर

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के छात्रवृति आवेदन, जो कि विद्यार्थियों/शिक्षण संस्थानों के स्तर पर लंबित है, ऐसे छात्रवृति आवेदनों को निदेषालय स्तर से शीघ्र ही स्थाई निरस्त किया जाना प्रस्तावित है। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि विद्यार्थियों/शिक्षण संस्थाओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनके स्तर पर लंबित छात्रवृति आवेदनों को 25 जून 2026 से पूर्व विभागीय कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। तिथि के बाद उक्त शैक्षणिक सत्रों के विद्यार्थियों/शिक्षण संस्थानों के स्तर पर लंबित छात्रवृति आवेदन पत्रों को स्थाई निरस्त कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थियों/शिक्षण संस्थाओं की होगी।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कल

**रामगंजमंडी,** (निसं)। 12वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून रविवार को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) पर भी सुबह 6 से 8 बजे तक मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार योग दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी टीम के साथ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर योग गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर रहे हैं और सेन्टर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करेगें। आयुष विभाग से समन्वय कर योग दिवस पर योगा करवाया जाएगा।

### योग, ध्यान एवं विश्राम का अभ्यास कराया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर के गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सर्टिफाईड योग शिक्षिका ऋषिका जैन ने प्रतिभागियों को संगीत की मधुर धुनों के साथ योग, ध्यान एवं विश्राम तकनीकों का अभ्यास कराया। योग और संगीत के अद्भुत समन्वय से उपस्थित साधकों ने मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आंतरिक संतुलन का अनुभव किया। योग शिक्षिका ऋषिका जैन ने बताया कि नियमित योग, ध्यान और प्राणायाम के साथ मधुर संगीत का संयोजन तनाव को कम करने, मन को एकाग्र करने तथा जीवन में सकारात्मकता लाने में अत्यंत सहायक होता है। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आव्हान किया

### राधामोहनदास अग्रवाल आज कोटा प्रवास पर

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि राधामोहनदास अग्रवाल, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री, शनिवार को निजी कार्यक्रम को लेकर कोटा प्रवास पर रहेंगे। जैन ने बताया की राधामोहनदास अग्रवाल, राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से शनिवार सुबह कोटा जंक्शन पर पधारेंगे, जहां भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर के सानिध्य में प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत, अभिनंदन होगा। जैन ने बताया की श्री आशुतोष महादेव मंदिर, पार्वती पुरम कॉलोनी, चंद्रसेल रोड, कोटा में प्रदेश प्रभारी रक्तदान शिविर में सम्मिलित होगे तथा यहां पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत, पौधारोपण भी करेंगे। इसके पश्चात् निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### सेवा कार्य पर गांधी का जन्मदिन मनाया

**छबड़ा** (निसं)। यूथ कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन पर राजकीय हॉस्पिटल में फल वितरित किए गए। युवा नेता दीपक त्यागी ने बताया कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर गौशाला में गायों को चारा खिलाया व राजकीय हॉस्पिटल में फल वितरण कर गांधी की लंबी उम्र की कामना की। यूथ प्रदेश संयोजक जुनेद खान, सेवादल नगर अध्यक्ष अजय गालव, वसिक अहमद, राजकुमार शर्मा, रवि लोधा एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष, पंकज शर्मा, नितिन मालव, विकास वर्मा, वतन मीणा आदि मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक

**छबड़ा** (निसं)। अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र एवं ओशोआशीष ध्यान योग केंद्र अमीरपुर खेडी पर 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर योगाध्यक्ष एसएल नागर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

# विधायक कल्पना देवी ने 19 नियुक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के सफल क्रियान्वयन के उपलक्ष में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत प्रत्यक्ष लाभअंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लगभग 2,400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों को हस्तांतरित की। इस प्रोत्साहन वितरण से 15 लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगारों को समर्थन मिलने की संभावना है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने भी भाग लिया।

विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर सभी क्षेत्रीय स्थलों पर किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के

> ■ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत प्रोत्साहन के रूप में 2,400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि वितरित की

उद्देश्य से देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों,उपमुख्यमंत्रियों, राज्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही।

कोटा में विधायक कल्पना देवी ने 19 नियुक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के अंतर्गत एक क्षेत्रीय कार्यक्रम का आयोजन पुरुषार्थ भवन कोटा में हुआ।

कार्यक्रम में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक कल्पना देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के तहत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना करते हुए विकसित भारत के मुख्य चार वर्गों पर प्रकाश डालते हुए कहा की यदि युवा, महिला, किसान और गरीब आर्थिक रूप से सशक्त होंगे तो निश्चित ही 2047 तक भारत विकसित भारत की श्रेणी में आ जाएगा इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने 19 नियुक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

प्रारंभ मे क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुधीर बत्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना भारत सरकार की एक प्रमुख रोजगार-आधारित प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना है, जिसका उद्देश्य अ ौपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना, संगठित क्षेत्र में पहली बार प्रवेश करने वाले कर्मचारियों को सहायता प्रदान करना तथा नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर एस एस आई के पूर्व प्रेसिडेंट गोविंद राम मित्तल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सहायक आयुक्त अनुराधा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हीरो मोटोकॉर्प ने पेश की सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0

**कोटा,** (निसं)। सबसे बेहतरीन कम्यूटर मोटरसाइकिल को अब एक बड़ा अपग्रेड मिल गया है।

दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, हीरो मोटोकॉर्प ने आज नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 लॉन्च की है, जो भारत की सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा कम्यूटर मोटरसाइकिल है।

कंपनी की उत्पादों में नयापन लाने की रणनीति के तहत तैयार की

> ■ भारत की सबसे भरोसेमंद 125सीसी मोटरसाइकिल को मिला नया अपग्रेड

गई यह नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 रोज़मर्रा के सफर को और बेहतर बनाने के लिए बनाई गई है।

इसमें शानदार टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स, माइलेज में बड़ा सुधार और आज के प्रगतिशील राइडर्स की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया एक बोल्ड और आधुनिक डिज़ाइन दिया गया है। कोटा के सिटी पार्क में

इसका लॉन्चिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग यहां पर पहुंचे। कोटा के हीरो डीलर्स भी इस दौरान मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि साल 1994 से भारत के करोड़ों राइडर्स को सफर



कोटा में भी हीरो मोटोकॉर्प की सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 का लॉचिंग कार्यक्रम सिटी पार्क में आयोजित हुआ।

का सहारा देने वाले स्प्लेंडर के भरोसेमंद नाम और विरासत पर बनी, नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 को उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो आधुनिक सुविधाओं और अगली पीढ़ी के टेक फीचर्स के साथ-साथ भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहते हैं।

इस लॉन्च के मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर, इंडिया बिजनेस यूनिट, आशुतोष वर्मा ने कहा, हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर ने पिछले तीन दशकों से भी ज्यादा समय से करोड़ों ग्राहकों को भरोसा, बेहतरीन परफॉर्मेंस और रोज़मर्रा की विश्वसनीयता देने की एक मजबूत विरासत बनाई है।

नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 एक बोल्ड व आधुनिक डिज़ाइन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और बेहतर सुविधा वाले फीचर्स के साथ इसी वादे को आगे बढ़ाती है।

अपने भरोसेमंद परफॉर्मेंस, रोज़मर्रा की उपयोगिता और शानदार राइडिंग अनुभव के साथ, सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 इस सेगमेंट में हीरो मोटोकॉर्प की बादशाहत को और मजबूत करेगी, साथ ही अपने ग्राहकों को बेहतरीन वैल्यू देने के हमारे वादे को भी पूरा करेगी।





अन्नदाता के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पबद्ध
भारत सरकार

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
के द्वारा
पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त के तहत 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹18,880 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधे ट्रांसफर
एवं
पश्चिम बंगाल में 4 महत्वपूर्ण योजनाओं

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना | डिजिटल कृषि मिशन | राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन | प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

का शुभारम्भ

20 जून, 2026 | अपराह्न 03:00 बजे | हुगली, पश्चिम बंगाल

पीएम किसान सम्मान निधि योजना

अब तक किसानों को मिली ₹4 लाख 28 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि
विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं में से एक
किसानों को सालाना ₹6000 की सहायता

12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियाँ

₹11,440 करोड़ के प्रावधान से शुरू दलहन आत्मनिर्भरता मिशन एवं पंजीकृत किसानों से तूर, मसूर एवं उड़द की MSP पर खरीद सुनिश्चित
रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन 252 मिलियन टन से बढ़कर 376.56 मिलियन टन हुआ और बागवानी उत्पादन 377.78 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचा
वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के दावों का डीबीटी के माध्यम से भुगतान
₹27 लाख करोड़ से अधिक कीमत की फसलों को किसानों से एमएसपी पर ख़रीद की सुनिश्चितता
20 लाख से अधिक किसान राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन से जुड़े, 10 लाख हेक्टेयर+ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती
e-NAM पर 1.88 करोड़ से अधिक किसान पंजीकृत एवं ₹4.88 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार
खेती-किसानी हेतु ऋण प्रवाह तीन गुना बढ़कर ₹28.67 लाख करोड़ वार्षिक हुआ, ₹2 लाख तक का ऋण बिना गारंटी
कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत 2 लाख से अधिक परियोजनाएँ स्वीकृत
कृषि बजट में ऐतिहासिक 5 गुना से अधिक वृद्धि ₹21,933 से बढ़कर ₹1.30 लाख करोड़ से अधिक हुआ
प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के माध्यम से 100 कम उत्पादकता वाले ज़िलों में बुनियादी ढांचे का विकास
26 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी
10 हज़ार किसान उत्पादक संगठन पंजीकृत जिनसे 63 लाख से अधिक किसान जुड़े
डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत, 9 करोड़ 80 लाख से अधिक फार्मर आईडी बनाई गईं

12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

CBC 01102/13/0001/2627

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज या डीडी किसान चैनल पर देखें | न्यूज़ | किसान
किसान हेल्पलाइन सेंटर 1800-180-1551 (6 AM - 10 PM)
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर देखा जा सकता है
फॉलो करें
भारती, किसानों का नया मार्ग दर्शक अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 155261
भारत विस्तार एप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें